हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 37 .0 डिग्री
न्यूनतम 30 .0 डिग्री

10 विद्यार्थियों को आग बुझाने के सही तरीके बताए

10 परियोजनाओं का टेंडर होगा जल्द जारी : मिड्ढा


## खबर संक्षेप

### गली में सोए व्यक्ति पर हमला, फायर मिस
**जींद।** गांव थुआ में बीती रात मकान के बाहर गली में सोए व्यक्ति को दो युवकों ने दबोच लिया और रॉडों से हमला कर दिया। एक आरोपित ने व्यक्ति को गोली मारने की कोशिश भी की लेकिन फायर मिस हो गया। बचाव में शोर मचाए जाने पर आरोपित फरार हो गए। वारदात वहां लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई।

### गाडी और बाइक की टक्कर में एक की मौत
**कैथल।** सीवन में कैथल-चीका मार्ग पर गाडी व बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार उसकी पत्नी की जान बच गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सीवन थाना में दी गई शिकायत में ककराला अनायत निवासी 46 वर्षीय बलविंद्र कौर ने बताया कि उसकी शादी 2009 में बलदेव सिंह के साथ हुई थी।

### पोल्ट्री फार्म से 18 हजार की नकदी व फोन चोरी
**जींद।** गांव रूपगढ़ में बीती रात पोल्ट्री फार्म से मजदूरों का थैला गायब हो गया। थैले में मजदूरो के 18 हजार रुपये की नगदी तथा कपड़े थे। पोल्ट्री फार्मर की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रूपगढ़ निवासी आदित्य ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पोल्ट्री फार्म में सात मजदूर रहते हैं।

### दुकानों का शटर तोड़कर चोरी के 3 आरोपी दबोचे
**कैथल।** पुलिस ने एक ही रात में छह दुकानों के शटर तोड़ नकदी चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले एक धर्मशाला में रुके थे। इसी दौरान आरोपियों ने दुकानों की दिन के समय रेकी भी की थी।

### पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनि का प्रदर्शन को समर्थन
**सफीदों।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की मीटिंग गांव रजाना खुर्द में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान मंगतराम ने की और मंच का संचालन सचिव काम सिंह राणा ने किया। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों ने अपने-अपने विचार रखे। प्रधान मंगत राम कहा कि सर्व कर्मचारी संघ द्वारा आगामी 24 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

### चोरी के आभूषण खरीदने वाला आरोपित गिरफ्तार
**कैथल।** घर से नकदी व आभूषण चोरी करने के मामले में पुलिस ने चोरीशुदा आभूषण खरीदने वाले आरोपी को काबू किया है। इस मामले में सीआईए-वन प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की अगुवाई में एचसी बिजेंद्र सिंह की टीम ने जांच करते गांव गंवा बहार जिला संभल यूपी निवासी आरोपी धर्मेश को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया है।

### व्यापारी प्रतिनिधि सम्मेलन ऐतिहासिक होगा : बजरंग
**जींद।** व्यापारी प्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक निजी होटल में हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में 11 अगस्त को पानीपत में होने वाला राज्यस्तरीय व्यापारी प्रतिनिधि सम्मेलन के लिए विचार किया।

### चोरी की बाइक खरीदने वाला आरोपित गिरफ्तार
**कैथल।** मोटरसाइकिल चोरी मामले में चोरीशुदा मोटरसाइकिल खरीदने पर पुलिस ने एक आरोपी काबू किया है। इस मामले में सीआईए-वन प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की अगुवाई में एचसी महिपाल की टीम ने जांच करते हुए चोरीशुदा मोटरसाइकिल खरीदने वाले राजौंद निवासी आरोपी रामबुल को गिरफ्तार कर लिया।

# आईटीआई में दो मेरिट लिस्ट लगने के बाद भी 481 सीटें रिक्त

## 920 सीटों में से 439 सीटों पर हो चुका दाखिला, तीसरी मेरिट लिस्ट कल होगी जारी : अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिला प्रक्रिया 28 जून से जारी है। अबतक दो मेरिट लिस्ट जारी हो चुकी हैं और कुल 439 छात्र दाखिला फीस भर कर अपना दाखिला सुनिश्चित कर चुके हैं। अब भी आईटीआई की कुल 920 सीटों में से 481 सीटें रिक्त हैं।

प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बताया कि प्रथम मैरिट सूचि 28 जून को जारी हुई थी और तीन जून तक दाखिले हुए थे। इसके बाद दूसरी मैरिट सूचि में दस्तावेज की जांच व दाखिला तिथि नौ से 12 जुलाई तक रही थी। दोनों ही मेरिट लिस्ट में 439 छात्र दाखिला ले चुके हैं। विभाग द्वारा तीसरी मैरिट लिस्ट 18 जुलाई को चस्पा की जाएगी। तीसरी मैरिट सूचि में नाम आने वाले विद्यार्थियों के दस्तावेज की जांच व दाखिले 18 से 22 जुलाई तक होंगे। 23 जुलाई तक छात्र ऑनलाइन फीस भर सकेंगे।

दाखिले के लिए आवेदन करते छात्र।


संस्थान में रिक्त सीटों का ब्योरा

| ट्रेड का नाम | कुल सीट | दाखिले | रिक्त सीटें |
|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रिशियन | 80 | 62 | 18 |
| प्रो. असिस्टेंट | 48 | 41 | 07 |
| वायरमैन | 40 | 26 | 14 |
| फिटर | 40 | 18 | 22 |
| स्टेनोग्राफर हिंदी | 48 | 43 | 05 |
| मैकेनिक डीजल | 24 | 13 | 11 |
| एसी तकनीशियन | 24 | 10 | 14 |
| स्टेनोग्राफर इंग्लिश | 48 | 32 | 16 |
| मैकेनिक मोटर व्हीकल | 24 | 14 | 10 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 48 | 25 | 23 |
| पलंबर | 48 | 09 | 39 |
| ड्राफ्ट्समैन सिविल | 24 | 13 | 11 |
| मशीनिस्ट | 40 | 20 | 20 |
| टर्नर | 20 | 05 | 15 |
| ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल | 20 | 09 | 11 |
| वैल्डर ड्यूल एच | 40 | 11 | 29 |
| मैकेनिक ट्रैक्टर | 40 | 11 | 29 |
| तकनीशियन इलेक्ट्रीशियन | 24 | 07 | 17 |
| ड्रेस मेकिंग | 40 | 16 | 24 |
| पेंटर जनरल | 20 | 08 | 12 |
| फिटर ड्यूल एच | 20 | 07 | 13 |
| डीजल ड्यूल एच | 24 | 07 | 17 |
| स्यूइंग टेक्नोलॉजी | 40 | 09 | 31 |
| वुड वर्क तकनीशियन | 48 | 07 | 41 |
| जियो इन्फोटिक्स | 48 | 16 | 32 |
| कुल | 920 | 439 | 481 |

### गांव कुराड़ के जगविंद्र काला एशियाई कुश्ती टीम के कोच नियुक्त

**कैथल।** चंडीगढ़ स्पोर्ट्स विभाग में कुश्ती कोच के पद पर कार्यरत छोटे भाई जगविंदर काला का चयन भारतीय अंडर 15 बालक ग्री रोमन कुश्ती टीम के कोच के रूप में हुआ है। उक्त एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता दिनांक 16/07/2024 से18/07/2024 तक थाईलैंड के सी राचा शहर मे आयोजित की जाएगी। जिसमें भारतीय टीम 10 वेट कैटगरी में भाग लेंगी। अतः 10 बालक पहलवानो को लेकर कोच जगविंद्र काला थाईलैंड जाएंगे।


पूंडरी। मोहना में दोनों युवकों की अंतिम यात्रा में मौजूद लोग। *फोटो :हरिभूमि*

# 25 दिन बाद दोनों युवकों के शवों का अंतिम संस्कार

- गांव मोहना के दोनों युवकों की आमेरिका में झील में डूबने से मौत
- पूरा गांव गमगीन हजारों लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव मोहना के दोनों युवकों जिनकी आमेरिका में 23 जून को झील में डूबने से मौत हो गई थी, मंगलवार को दोनों के पार्थिव शरीर गांवों में पहुंचे। गांव में जैसे ही दोनों के शव पहुंचे तो पूरे गांव व आसपास के गांवों से भी हजारों और राजनीतिक, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के लोग उनकी अंतिम यात्रा में भाग लेने के लिए पहुंच गए। दो नौजवान युवाओं का गांव में से एक दम शव यात्रा निकलने पर हर किसी की आंखों में आंसू थे।

बता दे कि गांव मोहना का युवक सचिन (22 वर्ष) पुत्र तेजबीर एक वर्ष पहले डोंकी के जरिए अमरीका गया था। इसी गांव का ही एक अन्य युवक 34 वर्षीय प्रगट सिंह पहले से आमेरिका गया हुआ था। ये दोनों अपने अन्य साथियों के साथ वहां आमेरिका में स्थित एक पानी की झील में नहाने के लिए गए और गहरे पानी में डूबने से सचिन की मौके पर ही मौत हो जाती है और परगट से की हालत नाजुक होने के कारण उसे अस्पताल में दाखिला करवाया गया। जिसके तीन दिन बाद प्रगट सिंह की भी मौत हो गई। मृतक सचिन एक वर्ष पहले ही डोंकी के जरिये काफी मुशिकलों का सामना करते हुए अमरीका पहुंचा था। घर की बड़ी माली हालत है। इस घटना के बाद ग्रामीणों व अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़कर परिवार की मदद करते हुए दोनों युवकों के शव लाने के प्रयास कर दिए और लगभग 25 दिनों के बाद दोनों के मंगलवार को शव गांव में पहुंचे। जिनका अंतिम संस्कार गांव के श्मशान में कर दिया गया। इस मौके पर अंतिम यात्रा में मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बलकार सिंह, विधायक पूंडरी के पुत्र अमित गोलन, समाजसेवी विकास तंवर, सतपाल जांबा व हजारों लोगों ने भाग लिया।

## दो मेरिट लिस्ट के बाद भी महाविद्यालयों में 30 से 40 प्रतिशत सीटें रिक्त

# कालेजों में यूजी कोर्स में एडमिशन को लेकर आज होगी फिजिकल काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर कालेजों में दो मेरिट लिस्ट के बाद भी 30 से 40 प्रतिशत सीटें अभी भी रिक्त बची हुई हैं। बची हुई सीटों पर बुधवार को सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक फिजिकल काउंसिलिंग होगी। अगर पोर्टल सही चला तो शाम को चार बजे तक मेरिट लिस्ट जारी कर दी जाएगी लेकिन किसी तरह की तकनीकी दिक्कतें आई तो फिर वीरवार सुबह मेरिट लिस्ट जारी होगी। बुधवार शाम को मेरिट लिस्ट जारी की जाती है तो फिर रात 12 बजे तक का समय दाखिला फीस जमा करवाने के लिए मिलेगा और अगर वीरवार सुबह मेरिट लिस्ट जारी होगी तो वीरवार रात 12 बजे तक का समय मिलेगा। राजकीय कालेज में 743 सीटें खाली बची हैं तो राजकीय महिला कालेज में 435 सीटें अभी भी बची हैं। बुधवार को फिजिकल काउंसिलिंग के बाद जो सीटें बचेंगी, उन पर दाखिले के लिए 17 जुलाई शाम को दोबारा से दाखिले का पोर्टल खोला जाएगा। बीए के अलावा बीएससी, बीकॉम में काफी सीटें खाली बची हुई हैं। हालांकि बीए में सीटों के मुकाबले तीन से चार गुणा आवेदन थे लेकिन जितने विद्यार्थियों का नाम पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट में आया है, वह सभी दाखिले के लिए नहीं पहुंचे। 30 जुलाई तक विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। 24 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिला होगा तो वहीं विद्यार्थी 24 जुलाई के बाद दाखिला लेंगे तो प्रतिदिन 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिला फीस जमा करवानी होगी।

## राजकीय कालेज में 743 सीटें तो राजकीय महिला कालेज में 435 सीटें रिक्त


कैथल। आरकेएसडी कालेज में दाखिला लेते विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

### विद्यार्थी पंजीकरण करवाकर ले सकेंगे दाखिला
**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल में दाखिला प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। दोनों मेरिट लिस्ट के बाद अब ओपन एडमिशन प्रक्रिया की बारी है। सलाह दी जाती है कि जो विद्यार्थी पहले पोर्टल पर अपना पंजीकरण नहीं करवा पाए थे, वे अभी पंजीकरण करवा लें और कल से शुरू हो रही इस ओपन काउंसलिंग प्रक्रिया में भी भाग लें। दोनों मेरिट लिस्ट के बाद उम्मीद है कि इस सप्ताह के अंत तक कॉलेज अपने सभी स्नातक कार्यक्रमों की सभी सीटें भर लेगा। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे कल से पोर्टल पर अपने विषय संयोजन अपडेट कर लें और कॉलेज आकर अपने दस्तावेज जमा करवा दें, ताकि वे इस ओपन एडमिशन प्रक्रिया में प्रवेश के लिए खुद को पात्र बना सकें। डॉ. गोयल ने यह भी कहा कि इस वर्ष नई शिक्षा नीति के कारण कई विषय संयोजन हैं और सभी में सीमित सीटें हैं और जिनमें से कुछ पहले से ही भरी हुई हैं, इसलिए विद्यार्थियों को फॉर्म अपडेट करने से पहले कॉलेज की हेल्प डेस्क की मदद लेनी चाहिए। साथ ही स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण भी चल रहा है और विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे 25 से पहले अपने पसंदीदा पीजी कार्यक्रम के लिए खुद को पंजीकृत करवा लें।

रा कालेज में खाली बची इतनी सीटें

| संकाय का नाम | खाली सीटें |
|---|---|
| बीए | 198 |
| बीएससी फि.. साइंस | 190 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 89 |
| बीकाम | 123 |
| बीए मेजर इंग्लिश | 29 |
| बीए मेजर ज्योग्राफी | 24 |
| बीए मेजर हिस्ट्री | 36 |
| बीसीए | 34 |
| बीबीए | 20 |
| कुल खाली बची सीटें | 743 |

रा महिला कालेज में खाली सीटें

| संकाय का नाम | खाली सीटें |
|---|---|
| बीए | 112 |
| बीए अंग्रेजी मेजर | 22 |
| बीए ज्योग्राफी मेजर | 15 |
| बीकाम | 154 |
| बीसीए | 13 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 12 |
| बीएससी फि साइस | 82 |
| बीएससी फि मेजर | 25 |
| कुल खा बची सीटें | 435 |

रा कालेज सफीदों में खाली सीटें

| संकाय का नाम | खाली सीटें |
|---|---|
| बीए | 244 |
| बीकाम | 121 |
| बीए अंग्रेजी आनर्स | 37 |
| बीएससी फि साइंस | 99 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 35 |
| कुल खाली सीटें | 536 |

### आज होगी फिजिकल काउंसिलिंग : प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक।

राजकीय कालेज के प्राचार्य प्रो. सत्यवान ने बताया कि सभी विद्यार्थी अपने दस्तावेजों के साथ पहुंचे। जिस भी कालेज में दाखिला लेने के इच्छुक हों, वहां कालेज स्तर पर ही फिजिकल काउंसिलिंग होगी। बुधवार सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक फिजिकल काउंसिलिंग होगी। इसके बाद तीन बजे तक मेरिट लिस्ट जारी करने का प्रयास किया जाएगा ताकि बच्चों को फीस जमा करवाने का समय मिल सके। अगर वीरवार सुबह मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी तो फिर वीरवार रात 12 बजे तक का समय फीस जमा करवाने के लिए मिलेगा।

# अवैध निर्माण पर चलाया पीला पंजा

- कार्रवाई के दौरान विभागीय अमला पुलिस बल के साथ मौजूद रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से नियंत्रित क्षेत्र गुहला चीका स्थित एक एकड़ में डीपीसी लेवल तक बने अवैध निर्माण को जिला प्रशासन की मदद से हटाया गया। अवैध निर्माण बारे जिला कष्ट निवारण बारे में सुनीता द्वारा दी गई शिकायत अनुसार कार्रवाई अमल में लाई गई है। जिला कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष एवं मंत्री कमल गुप्ता ने एडीसी कैथल की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई थी। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान विभागीय अमला पुलिस बल के साथ अवैध निर्माण को हटाने के लिए मौजूद रहा। यह कार्रवाई पीएसआर एक्ट 1963 के तहत की गई है। उन्होंने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में गुहला चीका स्थित एक एकड़ में भू-मालिको को नोटिस जारी किया गया था। परंतु भूस्वामियों द्वारा न तो मौके पर बनाई जा रही अवैध निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया। जिला नगर योजनाकार ने लोगों को आगाह किया कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लाट आदि नहीं खरीदे।

### बाड़े में लगी आग, तीन पशु झुलसे, तूड़ी का कूप खाक
**जींद।** कोयल में बीती रात संदिग्ध हालात में पशुबाड़े में आग लगने से एक भैंस तथा दो कटड़ी झुलस गई और तूड़ी का कूप जल कर राख हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। गढ़ी थाना पुलिस ने पशुपालक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ आगजनी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कोयल निवासी जीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने बाहरी क्षेत्र में घर से कुछ दूरी पर पशुबाड़ा बनाया हुआ है। मंगलवार अल सुबह उसने पशुबाड़े में आग की लपटें उठती दिखाई दी। जब वह पशुबाड़े में पहुंचा तो वह आग की लपटों से घिरा हुआ था। शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक पशुबाड़े में बंधी एक भैंस तथा कटड़ी झुलस चुकी थी।

# शेयर मार्केट में निवेश का झांसा दे लगाया 21.10 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 21.10 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दनौदा कलां निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दो जून को उसके व्हाट्सएप पर लड़की का संदेश आया। जिसमें उसे बताया कि वह केदारा कंपनी में काम करती है। शेयर मार्केट में निवेश करने पर उनकी कंपनी अच्छा मुनाफा देती है। जिसके बाद उसने केदारा कंपनी का लिंक डाउनलोड कर लिया। जिसके बाद उसे बताया कि शेयर खरीदने पर 10 % मुनाफा मिलेगा। जिसके बाद उसने 15 जून से कंपनी में निवेश करना शुरू कर दिया। जिसके बाद आरोपित उसे और ज्यादा निवेश करने के लिए कहने लगे। उनके कहे अनुसार वह दिए खातों में राशि डालता रहा। गत 28 जून को उसे विराल कंपनी का आईपीओ दिलाया गया। 4 जुलाई तक उसने 21.10 लाख रुपये कंपनी में निवेश कर लिए। जब उसने केदारा कंपनी में एप में दिखाई दे रही राशि का निकालने की कोशिश की तो राशि नही निकली। साइबर थाना पुलिस ने प्रदीप की शिकायत पर अज्ञात 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**जांच जारी**
साइबर थाना के जांच अधिकारी जगदीप सिंह ने बताया कि पीड़ित ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर मुनाफे का झांसा देकर राशि हडपने की शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### सिरसा ब्रांच में डूबे छात्र का शव बरामद
**नरवाना।** नरवाना की सिरसा ब्रांच नहर में डूबे इंजीनियर के छात्र अनमोल का शव मंगलवार को लगभग 10: 30 बजे बडनपुर हेड पास से बरामद हुआ। जिसके बाद शव की तलाश कर रहे गोताखोर की टीम ने नहर से बाहर निकला और नरवाना के नागरिक अस्पताल में ले गए। जहां पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। बता दे कि नरवाना के पतराम नगर निवासी 23 वर्षीय अनमोल 12 जुलाई को अपनी मां को अस्पताल से दवाई दिलाने के बाद शाम को घर से निकल गया। इसके बाद रात 8 बजे के करीब अनमोल ने अपने घर पर फोन कर कहा कि भाखड़ा ब्रांच के ढाकल हेड पर उसकी बाइक खड़ी हैए इसे ले जाओ। इस पर अनमोल के पिता और चाचा वहां पहुंच गए। उसे लेकर वापस आने लगेए लेकिन अनमोल ने कहा कि वह थोड़ी देर बाद घर आ जाएगा। जिसके बाद उसके चाचा ने समझा कर उसे बाइक पर बैठाया और वापस आने लगे तो अनमोल ने नहर में छलांग लगा दी। परिजन उसे बचाने के लिए चिल्लाए लेकिन नहर में छलांग लगाने के बाद अनमोल ऊपर नहीं आया।

## सीटों के लिए रही मारामारी, ग्रामीण रूटों पर नहीं चली बसें

# शाह की रैली में 33 बसें भेजने से यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के महेंद्रगढ़ में कार्यक्रम को लेकर जींद डिपो से 33 रोडवेज बसों को विभिन्न गांवों से लोगों को लेकर गई थी। जींद बस अड्डे पर परिवहन व्यवस्था प्रभावित हुई। सबसे ज्यादा ग्रामीण रूट प्रभावित हुए। लोकल रूटों पर यात्रियों को समय पर बसें नहीं मिली। जिस कारण उन्हें निजी वाहनों का सहारा लेकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा। जींद डिपो के बेड़े में 200 बसें हैं। जिनमें से प्रशासन ने 80 बसों की डिमांड महेंद्रगढ़ भेजने के लिए की थी। डिपो में 42 बसें मुहैया करवा दी। इसके बाद 33 रोडवेज बसें तो लोगों को ले जाकर महेंद्रगढ़ के लिए रवाना हो गई जबकि नौ बसों को कोई भी यात्री महेंद्रगढ़ जाने के लिए नहीं मिला। इसलिए वापस लौट आई। नरवाना, रोहतक, भिवानी, हांसी, हिसार, कैथल समेत लोकल रूटों पर एक-एक घंटे तक कोई बस नहीं मिल पाई। असंधए बरवाला, गोहाना व नरवाना रूटों पर प्राइवेट बसें चलती हैं लेकिन रोहतक, कैथल, भिवानी रूट पर केवल सरकारी बसें ही चलती हैं। इसलिए इन रूटों पर यात्रियों को ज्यादा परेशानी हुई। जींद से छात्तर, मांडी, अलेवा, नरवाना, कोथ कलां, डाहौला, खरैंटी समेत कई ग्रामीण रूटों पर बसें जाती हैं, जो नहीं जा पाई। शिक्षण संस्थानों में पढने के लिए आने वाले विद्यार्थियों को निजी वाहनों का सहारा लेकर जींद शहर में आना पड़ा। इसी तरह वापस घर जाते समय भी उन्हें परेशानी हुई।


जींद। बसों में सीट हासिल करने के लिए चढ़ते यात्री। *फोटो :हरिभूमि*

**सभी रूटों पर बसों की व्यवस्था की**
जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि प्रबंधन ने सभी रूटों पर रोडवेज बसों की व्यवस्था की थी। किसी भी रूट पर यात्रियों को परेशान नहीं होने दिया गया। महेंद्रगढ़ में कार्यक्रम में डिपो से 33 बसें भेजी हैं जबकि डिपो ने 42 बसों की व्यवस्था कर दी थी।

### प्रतिबंधित गोलियों के साथ एक व्यक्ति दबोचा
**जींद।** सीआइए स्टाफ नरवाना ने गांव हंसडेहर के निकट से एक व्यक्ति को नशीली प्रतिबंधित गोलियों के साथ काबू किया है। गढ़ी थाना पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि हंसडेहर निवासी साहिल नशीली गोलियां बेचने का कार्य करता है। नशीली गोलियां लेकर गांव दातासिंह वाला की तरफ से गांव आने वाला है। जिसके आधार पर पुलिस ने गांव हसडेहर के निकट आने-जाने वाले लोगों पर निगाह रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद एक युवक हाथ में पॉलीथिन लिए आता दिखाई दिया। पुलिसकर्मियों ने युवक को रोक कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 1680 नशीली गोलियां एलप्राजोलम की बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान हंसडेहर निवासी साहिल के रूप में हुई। गढ़ी थाना पुलिस ने साहिल के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक भारतीय न्याय संहिता समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### कबड्डी खिलाड़ी की याद में रक्तदान शिविर 21 को

**उचाना।** मां भ्रामरी शक्तिपीठ ट्रस्ट की तरफ से कबड्डी खिलाड़ी स्व. लाली कौशिक की याद में 21 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन शक्ति पीठ बनभौरी धाम में होगा। सुरेश कौशिक ने बताया कि कबड्डी के खेल में लाली कौशिक की अलग पहचान थी। बीते कई सालों से उनकी याद में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। हर किसी को चाहिए कि वो रक्तदान जरूर करें।

### सत्यवान की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर 23 को

**जींद ।** नेशनल अवार्डी सत्यवान ईक्कस की पहली पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन युवा विकास समिति जींद द्वारा किया जाएगा। विकास समिति जींद के अध्यक्ष व जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि नेशनल अवार्ड सत्यवान ईक्कस की पहली पुण्यतिथि पर 23 को ईक्कस के डाइट में विशाल रक्तदान शिविर व पौधारोपण अभियान के साथ मनाई जाएगी।

### सरकारी स्कूल का टूटा ताला, बर्तन चोरी

**जींद।** गांव हरिगढ़ राजकीय स्कूल का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर मिड-डे मील के बर्तनों को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।हरीगढ़ राजकीय स्कूल के मुख्यिा ओमकार ने पुलिस कोबताया कि बीती रात चोरों ने स्कूल के कमरे का ताला तोड़ कर मिड-डे मील के बर्तनों को चोरी कर लिया।

### हरियाणा में होगा इस बार बदलाव : वीरेंद्र

**उचाना।** जन संवाद अभियान के तहत आप के व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान की अगुवाई में हलके के घोघडिय़ा, भौंसला, कालता, बड़ौदा सहित 11 गांवों के दौरे किए। वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि इस बार हरियाणा में बदलाव होगा। प्रदेश का मतदाता इस बार आम आदमी पार्टी को पूर्ण बहुमत देने का काम करेगा। दिल्ली, पंजाब में हो रहे कामों को देख कर प्रदेश का मतदाता आप को सत्ता में लाने का काम करेगा।

### 22 को होगा राम-श्याम संकीर्तन का आयोजन

**उचाना।** आगामी 22 जुलाई को शहर की लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला में छठे राम-श्याम संकीर्तन का आयोजन होगा। फरवरी माह से राम-श्याम संकीर्तन का आयोजन श्री राम परिवार युवा सेवा समिति उचाना द्वारा करवाया जा रहा है। मुख्य अतिथि के तौर पर समाज सेवी एवं कांग्रेस नेता दिलबाग संडील पहुंचेंगे।

### आज और कल पूर्व सांसद बृजेंद्र उचाना हलके में

**उचाना।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह अपने जनसंपर्क अभियान के तहत 17 व 18 जुलाई को हलके के विभिन्न गांव के दौरे करेंगे। जोन प्रभारी प्रेम पहलवान ने बताया कि 17 जुलाई को कटवाल, दुड़ाना, शामदो, बिघाना के दौरे पूर्व सांसद करेंगे। 18 जुलाई के दौरे को लेकर जोन इंचार्ज संजीव डूमरखा ने बताया कि घसो खुर्द, घसो कलां एवं खेड़ी मंसानिया के दौरे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह करेंगे।

### आधा दर्जन ट्यूबवैलों से कीमती केबल चोरी

**जींद।** गांव पोंकरीखेड़ी में बीती रात चोरों ने आधा दर्जन किसानों के टयूबवैलों से कीमती केबलों को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने किसानों की शिकायतों पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पोंकरीखेड़ी निवासी रविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके टयूबवैल से कीमती केबल को चोरी कर लिया।

### 21 को अलेवा में होने वाली मीटिंग स्थगित

**उचाना।** अलेवा में होने वाली कांग्रेस नेता दिलबाग संडील की अगुवाई में मीटिंग को स्थगित किया गया। दिलबाग संडील ने बताया कि मीटिंग की तारीख आगामी दिनों में तय की जाएगी। दीपेंद्र हुड्डा हरियाणा मांगे हिसाब यात्रा निकाल रहे है। पहले चरण में जींद जिले में आएंगे। दूसरे चरण में उचाना शामिल हो सकता है।

## जिले के 424 प्राथमिक विद्यालयों में पीटीएम का आयोजन

# स्टाफ ने माता-पिता से बाल वाटिका-3 से पांचवीं तक के निपुण लक्ष्यों पर चर्चा की

**नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा विभाग की तरफ से राज्य के सभी प्राथमिक विद्यालयों में मेगा पीटीएम का आयोजन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत निपुण भारत मिशन के लक्ष्य की प्राप्ति की तरफ एक कदम और बढाते हुए शिक्षा विभाग की तरफ से राज्य के सभी प्राथमिक विद्यालयों में मंगलवार को मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। जिले के 424 प्राथमिक विद्यालयों में पीटीएम का आयोजन किया गया। बच्चों के अभिभावकों ने माना कि पिछले तीन साल से उनके बच्चों का बौद्धिक विकास और सीखने की क्षमता में विकास हुआ है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष चंद्र के मार्गदर्शन व जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ के निर्देशन में निपुण कार्यक्रम के तहत गतिविधियों का आयोजन करवाया जा रहा है। इस दौरान स्कूल स्टाफ ने माता-पिता से बाल वाटिका-3 से पांचवीं तक के निपुण लक्ष्यों पर चर्चा की। विशेष रूप से समझ के साथ पढ़ने व संख्यात्मक ज्ञान को दैनिक जीवन में प्रयोग पर बल देने की बात हुई। अभिभावकों से बच्चों की प्रगति रिपोर्ट व अभ्यास पुस्तिका में साप्ताहिक आंकलन बारे भी बताया गया। बच्चों की विद्यालय में नियमित उपस्थिति पर बल दिया गया। जिला कोऑर्डिनेटर एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई में शामिल करने व अच्छे परिणाम प्राप्त करने पर जोर दिया। निपुण कार्यक्रम के कारण अभिभावकों का विश्वास सरकारी विद्यालयों में बढ़ा है जिसके परिणाम स्वरुप प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या में वृद्धि हुई है।



जींद। पीटीएम में भाग लेते हुए अभिभाव व अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

| खंड का नाम | प्राथमिक स्कूल | बाल वाटिका छात्र संख्या | 1 से 5 कक्षा छात्र संख्या | कुल छात्र संख्या |
|---|---|---|---|---|
| जींद | 105 | 570 | 7678 | 8248 |
| जुलाना | 58 | 488 | 3872 | 4360 |
| उचाना | 65 | 729 | 6313 | 7042 |
| अलेवा | 29 | 300 | 2822 | 3122 |
| सफीदों | 59 | 294 | 5582 | 5876 |
| नरवाना | 72 | 485 | 7939 | 8424 |
| पिलुखेड़ा | 35 | 243 | 2164 | 2407 |
| कुल संख्या | 423 | 3109 | 36370 | 39479 |



### ग्रीष्म अवकाश के दौरान दिए गए विशेष गृह कार्य की समीक्षा करी

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष चंद्र ने बताया कि शिक्षक-अभिभावक बैठक का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु ग्रीष्म अवकाश के दौरान दिए गए विशेष गृह कार्य की समीक्षा करना था।

पिछले वर्ष की भांति इस बार भी बच्चों को बहुत ही रचनात्मक गृह कार्य दिया गया। इसमें बच्चों के दैनिक दिनचर्या में छोटे-छोटे कार्यों में मदद प्रकृति व जीव प्रेम से लेकर नैतिक शिक्षा व विभिन्न मौखिक व लिखित भाषाई कौशल बढ़ाने की गतिविधियां स म्मिलित रही। बच्चों द्वारा बनाई गई परियोजना का प्रदर्शन सभी अभिभावकों के समक्ष किया तो उन्होंने सरहाना की।


जींद। पत्रकारों से बातचीत करते आनंद सिंह दांगी। फोटो :हरिभूमि

# हरियाणा में कानून व्यवस्था का निकला जनाजा : दांगी

- जींद में हरियाणा मांगे हिसाब यात्रा की तैयारियों को लेकर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के जिला प्रभारी आनंद सिंह दांगी ने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है। मर्डर, डकैती, राहजनी और रेप की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हर आदमी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

आनंद सिंह दांगी मंगलवार रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा द्वारा शुरू की गई प्रदेशव्यापी हरियाणा मांगे हिसाब यात्रा की तैयारियों की सिलसिले में जींद पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 2005 में सत्ता में आने से पहले ही बदमाशों को चेतावनी दे दी थी। कांग्रेस सरकार आने पर या तो बदमाश बदमाशी छोड़ दें या हरियाणा छोड़ दें वरना उन्हें ऊपर पहुंचा दिया जाएगा। इसका परिणाम यह हुआ कि बदमाश दस साल हरियाणा में सिर उठाने की हिम्मत नहीं कर पाए। उन्होने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की लहर चल रही है और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भारी बहुमत से जीत दर्ज कर सरकार का गठन करेगी। जनता भाजपा की जन विरोधी नीतियों से पूरी तरह से तंग आ चुकी है परिवार पहचान पत्र और प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर भाजपा ने लोगों को गुमराह करने का काम किया है। उन्होने कहा कि 20 जुलाई को दीपेंद्र हुड्डा की यात्रा जींद और जुलाना में पहुंचेगी। उन्होंने दोनों विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और टिकटार्थियों से सीधा संवाद किया। इस मौके पर सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, सफीदों के विधायक सुभाष गांगोली, पूर्व विधायक परमेद्र ढूल, महावीर गुप्ता, महावीर कंप्यूटर, बलजीत रेढ़ू, प्रमोद सहवाग, प्रदीप गिल, पवन गर्ग, सुरेश गोयत, करतार सैनी, प्रो. धर्मेद्र ढुल, शमशेर सांरग, सतपाल सतू, सरपंच रिषीपाल, नवीन सांगवान, रोहित दलाल समेत काफी सख्या मे कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कविता गायन में निर्मला अव्वल

- कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता में शिक्षा भारती स्कूल उझाना का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

गत दिवस ब्लॉक स्तर पर चल रही कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता में अलग.अलग स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लियाद्य यह प्रतियोगिता कानूनी साक्षरता सेल द्वारा हर वर्ष आयोजित की जाती है द्य हजारों विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग लेते हैं द्य इसमें 10 प्रकार की प्रतियोगिताएं विशिष्ट थीम के अनुसार आयोजित की गई हैद्य निबंध लेखनएनारा लेखनए भाषणध्उद्घोषणाए कानूनी मुद्दों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएबहसए प्रहसन एकविता पाठएऑन द स्पॉट पेंटिंगएपावर प्वाइंट प्रेजेंटेशनए सामाजिक मुद्दों पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म की तैयारी इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने भाग लिया। इसी संदर्भ में राजकीय करना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना में ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक स्तरीय गायन प्रतियोगिता में शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना की कक्षा 11वीं की छात्रा निर्मला ने अपनी मधुर वाणी में कविता गायन से अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ कर प्रथम स्थान प्राप्त किया अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी कड़ी में कक्षा 12वीं की छात्रा वंदना ने निबंध लेखन और शरीन ने स्लोगन राइटिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त पर किया। इसी कड़ी में कक्षा नौवीं की छात्रा रवनीत ने अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय देते हुए थीम के अनुसार शानदार तरीके से पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी संदर्भ में वाद.विवाद प्रतियोगिता में शिखा और तमन्ना में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों का विद्यालय में आने पर फूल.मालाओं से स्वागत किया गया।

विद्यालय में खुशी का माहौल था। प्रधानाचार्य नवीन शर्मा डायरेक्टर वीरेंद्र बिढाऩ और चेयरमैन प्रवीण कुमार ने विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के चेयरमैन प्रवीण कुमार ने विजेता बच्चों को बधाइयाँ दी और जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए आशीर्वाद दिया।

### आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू करा रही भजन पार्टियां

**जींद।** हरियाणा सरकार के सफलतम साढ़े चार वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा महानिदेशक मंदीप सिंह बराड़ के निर्देशानुसार विशेष प्रचार अभियान जारी है। यह विशेष अभियान सूचनाए जनसंपर्कए भाषा एवं संस्कृति विभाग व डीसी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। इस विशेष प्रचार अभियान के दौरान जींद जिला के गांवों को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुमन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाभर में विशेष प्रचार अभियान में विभागीय नियमित व सूचीबद्ध भजन पार्टी ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए पहुंच रही हैं। भजन पार्टियां अपनी गीत व संगीतमयी मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से सरकार की योजनाएं, नीतियों और उपलब्धियों के बारे में आमजन को जागरूक करने का काम कर रही है।


# परियोजनाओं का टेंडर होगा जल्द जारी : मिड्ढा

- कांग्रेस सरकार में लैप्स करोड़ों की ग्रांट को विधायक ने किया यूज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जल्द ही शहर को करोड़ों रुपये की राशि से तीन विकास परियोजनओं की सौगात मिलने जा रही है। तीन परियोजनाओं में से एक परियोजना के रुपये कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान के थे। जिसे विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने अधिकारियों के साथ होने वाली मासिक बैठक में संज्ञान में लिया। विधायक ने परियोजनाओं का प्रस्ताव पास करवा कर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के संज्ञान में लाया और मंगलवार को तीनों परियोजनाओं की स्वीकृति मिल गई है। परियोजनाओं को लेकर विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक यशपाल यादव से मुलाकात की। विधायक ने महानिदेशक से कंडेला ब्रिज से दिल्ली-भटिंडा रेलवे लाइन ब्रिज (आरडी 189000-199000) तक दोनों तरफ पांच करोड़ 94 लाख रुपये की लागत से लाइटें लगाई जाएंगी। इसी तरह जुलानी रोड से नरवाना रोड वाया चंद्रलोक कालोनी, शिवपुरी कालोनी, सुंदर नगर बस्ती में एक करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से गलियों का निर्माण करवाया जाएगा। वहीं रामबीर सिंह कालोनी राजकीय स्कूल से जुलानी माइनर वाया सुंदर नगर की गली का एक करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से निर्माण करवाया जाएगा।


शहरी स्थानीय निकाय विभाग निदेशक से बातचीत करते विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा।


जींद। ज्ञापन सौंपते किसान नेता। फोटो :हरिभूमि

### संयुक्त किसान मोर्चा ने सांसद को सौंपा मांगपत्र

**जींद।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर देशभर में 18 जुलाई तक पूरे देश के लोकसभा व राज्यसभा सांसदों को मांग पत्र देने के फैसले को लागू करते हुए सोनीपत जींद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी को संयुक्त मोर्चा की ओर से किसानों का मांग पत्र सौंपा गया। मोर्चा के नेतृत्व अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य अध्यक्ष मास्टर बलबीर व उपाध्यक्ष फूल सिंह श्योकंद ने किया। मोर्चा की मुख्य मांग है कि किसानों की फसलों का एमएसपी स्वामीनाथन के फार्मूले अनुसार सी2 लागत का डेढ़ गुना भाव का तय करके, फसल खरीदने की गारंटी का कानून बनाया जाए। बिजली बिल 2023 को वापस लिया जाए। लखीमपुर खीरी के दोषियों को सजा दी जाए। टिकरी या सिंधु बार्डर पर शहीद किसानों का स्मारक बनाया जाए। खेती का अलग से बजट पेश किया जाए। खेती के उपकरणों को जीएसटी से बाहर किया जाए।

# एसई के आश्वासन पर धरना समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा बिजली पेंशनर्स ने मंगलवार को तीसरे दिन भी एसई कार्यालय पर धरना जारी रखा। धरने के दौरान पेंशनर्स ने कार्यकारी अभियंता विकास मलिक की कार्यशैली को लेकर रोष जताया। अध्यक्षता मांगेराम वशिष्ठ ने की । यूनिट प्रधान जिले सिंह शर्मा ने सभी सदस्यों को बताया कि ईआर विकास मलिक न तो पेंशनर्स एसो. के सदस्यों को मिलने का समय देता और एसो. के पदाधिकारी कार्यों के बारे में कार्यालय के अंदर जाने पर बातचीत करने या कार्यों के बारे में सुनने की बजाय वरिष्ठ नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। निगम के उच्च अधिकारियों को भी हर रोज झूठी रिर्पोट भेजते रहते हैं। कभी कहते हैं कि उनके कार्यालय में किसी भी पेंशनर्स का कोई कार्य पेंडिंग नही है और कभी मीटिंग का हवाला देकर टाल दिया जाता है। बाद में कार्यकारी अभियंता ने पदाधिकारियों को बातचीत करने के लिए बुलाया। जिसमें लेखाकार व मुख्य लिपिक तथा पेंशनर्स की तरफ से यूनिट प्रधान जिले सिंह शर्मा व अन्य सदस्य शामिल हुए। कहा कि भविष्य में पेंशनर्स के साथ आगे भविष्य में मान-सम्मान के साथ बातचीत जारी रहेगी और सभी पेंडिंग कार्य कर दिए जाएंगे। अंत में कार्यकारी अभियंता ईआर विकास मलिक ने पेंशनर्स को संबोधित किया व धरने का समापन करवाया।


जींद। धरना देते पेंशनर्स। फोटो :हरिभूमि


जींद। बैठक में भाग लेते निजी स्कूलों के अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

### प्राइवेट स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष बने वजीर सिंह ढांडा

**जींद।** जींद प्राइवेट स्कूल संघ की बैठक शारदा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई। जिसमें स्कूलों के सम्मुख आ रही दिकतों जैसे की स्कूल बसों को एनसीआर में 10 साल तक पासिंग, हर 10 वर्ष बाद हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता का पुनर्निरीक्षण करने, 134ए का बकाया भुगतान हेतु संघर्ष करने के लिए निर्णय लिया गया। हमारी अपनी जींद प्राइवेट स्कूल संघ की जुझारू, कर्मठ एवं संघर्षशील टीम का विस्तारीकरण करते हुए अब जींद प्राइवेट स्कूल संघ को हरियाणा स्तर हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ हरियाणा के नाम से रजिस्टर्ड करवाया जाएगा। जिसके प्रदेशरध्यक्ष वजीर सिंह ढांढा होंगे। जिनके नेतृत्व में जल्द ही प्रदेश की कार्यकारिणी घोषित करके इन मांगों के समाधान हेतु दिन रात मेहनत की जाएगी। इस अवसर पर संघ संरक्षक नरेंद्रनाथ शर्मा, बिजेंद्र रेढू, शिवनारायण शर्मा, वीरेंद्र ढिल्लो, दलशेर लोहान, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## इंडस ग्लोबल अकादमी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# विद्यार्थियों को आग बुझाने के सही तरीके बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना मेंविशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अग्नि सुरक्षा और आग बुझाने की गतिविधियों पर जोर दिया गया। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों को आग से संबंधित खतरों के प्रति जागरूक करना और उन्हें आग बुझाने के सही तरीकों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में इंडस पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर रचना श्योराण और इंडस ग्लोबल अकादमी के डायरेक्टर प्रवीन परूथी शामिल हुए। विद्यालय में आग बुझाने के उपकरणों और तकनीकों का विस्तृत प्रदर्शन किया और विद्यार्थियों व स्टाफ को आग से बचाव के उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। डायरेक्टर रचना श्योराण ने बताया कि अग्नि सुरक्षा का महत्व किसी भी संस्था के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। हमें ये सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे विद्यार्थियों व स्टाफ आग बुझाने की तकनीकों से भलीभांति परिचित हों ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में वे सही तरीके से प्रतिक्रिया दे सकें। डायरेक्टर प्रवीन परूथी ने भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से न केवल जागरूकता बढ़ती है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है। हमें गर्व है कि हमने इस महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा बनने का अवसर प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को अग्निशमन यंत्रों का उपयोग करने का व्यावहारिक अनुभव कराया गया। आग बुझाने की तकनीकों का अभ्यास करते हुए सभी ने सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को समझा और सीखा। छात्रों ने भी इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और गतिविधियों में हिस्सा लिया। उन्होंने अग्निशमन यंत्रों का सही उपयोग करना सीखा और आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले प्राथमिक उपायों का अभ्यास किया। छात्रों ने समूह में आग बुझाने की प्रतियोगिता भी की। जिसमें उन्होंने शीघ्रता और कुशलता से आग बुझाने के लिए आपसी तालमेल और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने इंडस ग्लोबल अकादमी के समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाया कि वे अपने विद्यालय की सुरक्षा के प्रति कितने सजग हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे।


जींद। अग्नि सुरक्षा के बारे में जानकारी हासिल करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि


जींद। कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्या। फोटो :हरिभूमि

### पेड़ करते हैं तापमान को नियंत्रित : डा. विद्यार्थी

**जींद।** पेड़ तापमान को नियंत्रित करने और मौसम की स्थिति को वर्षा के अनुकूल बनाने में एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे हवा से कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं। जिससे यह शुद्ध हो जाती है और ऑक्सीजन छोड़ते हैंए जो जीवन के निर्वाह के लिए आवश्यक है। हमारी धरती मां हमारी जननी है और प्रकृति हमारा जीवन है। हम पेड़ों को अपने स्वार्थ के लिए लगातार काटते जा रहे हैं। अगर हमें संसार के अस्तित्व को बचाना है तो पेड़ों को पहले बचाना होगा। आज के समय में असंतुलित वातावरण व पर्यावरण हमारे लिए चिंता का विषय है। ग्रीन ब्रिगेड को संबोधित करते हुए डीएवी प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने बताया कि डीएवी विद्यालय में लगभग 1500 पौधे कक्षा छठी से 12वीं के विद्यार्थियों में बांटे गए। इसमें जामुन, नींबू, अमरूद के पौधे थे। इनमें से 20 पौधे विद्यालय में भी लगाए गए। यह पौधे उन्हीं बच्चों को दिए गए जो अपनी मां के समान उनकी सुरक्षा करेंगे, देखभाल करेंगे तथा जो प्रकृति से प्रेम करते हैं। उन्होंने इन पौधों को खेत में, पार्क में, खेतों के मुंडेर पर, सड़क के किनारे तथा अपने घर की खाली जगह पर लगाने व जब तक वह बड़े नहीं हो जाते तब तक उनका ध्यान रखने की सलाह दी।

## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति अभियान को गंभीरता से लें अधिकारी

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि सरकार द्वारा जनहित में नशा मुक्ति अभियान को गंभीरता से लेते हुए इसको सफल बनाने के लिए प्रचार-प्रसार एवं हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षण संस्थानों के मुखिया के साथ विचार विमर्श एवं सुझाव सांझा किए जाए। सभी शिक्षण संस्थान अपने परिसर में सुझाव पेटी रखना सुनिश्चित करें, ताकि सूचना तंत्र को सरल एवं गोपनीय बनाया जा सके।

### गांव नरवल के राजकीय स्कूल में किया पौधरोपण

**राजौंद।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला नरवल में बच्चों को पौधे वितरित किए व विद्यालय में पौधारोपण किया गया।इस दौरान सभी बच्चों को पेड़ पौधों के महत्व के बारे में बताया गया तथा अपने घर आंगन में एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। इससे पहले 7 दिन तक चले समर कैंप की एक्टिविटी में भी इको क्लब इंचार्ज प्रीति द्वारा बच्चों को अलग-अलग तरह की एक्टिविटी करवाई गई। उन्होंने बताया कि पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

### पौधरोपण अभियान में आमजन लें भाग : प्रशांत

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि सरकार और प्रशासन पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति पूरी तरह गंभीर है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ओर कदम बढ़ाते सरकार द्वारा ह्यएक पेड़ मां के नामह्न पौधारोपण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान में सभी को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए और मानसून सत्र में अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने बताया कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं।

### छात्र मिलन समारोह का किया आयोजन

**राजौंद।** पीएम श्री राजकीय वामवि सोंगल व ध्यान स्टार पब्लिक स्कूल देवबंन के कक्षा नौवीं से 12 वीं के छात्र छात्रों के बीच छात्र मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दोनों स्कूलों के बच्चों ने बड़े ही सौहार्दपूर्ण व उत्साह पूर्ण से एक दूसरे छात्र-छात्राओं से मिले व अपने अनुभव साझे किए। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश चावला ने सभी बच्चों का स्वागत किया तथा बच्चों को प्रेरणात्मक बातों से विद्यालय की शिक्षा एवं अन्य गतिविधियों संबंधी जानकारी दी।

### जनता तानाशाही सरकार को बाहर का रास्ता दिखाएगी

**पूंडरी।** वह दिन दूर नहीं जब प्रदेश का आम व्यक्ति अपने मतदान का प्रयोग कर कांग्रेस को सतासीन करेगा तथा भाजपा की तानाशाही सरकार को बाहर का रास्ता दिखाएगा। उपरोक्त कथन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद कुमारी शैलजा के बेहद करीबी चौ. बलकार सिंह पूंडरी ने आज पूंडरी कार्यालय में कार्यकर्त्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लहर को देखते हुए विपक्षी दलों के नेताओं में खलबली मच गई है।

### बच्चों को दिलवाई पौधरोपण की शपथ

**सफीदों।** नगर की आदर्श कालोनी स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मुख्याध्यापक शमशेर सिंह ने की। इस मौके पर बच्चों को पौधे 100 पौधे वितरित किए गए। वहीं बच्चों को पौधारोपण करने की शपथ भी दिलवाई गई।

### अभियान के तहत करवाई जाएगी प्रतियोगिताएं

**कैथल।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने गुरजीत कौर कहा कि, महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओं द्वारा एक अनूठी और प्रेरणादायक प्रतियोगिता की घोषणा की गई है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकें।

---

### डीसी ने किया बाल उपवन आश्रम,बाल संरक्षण केंद्र व विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी का दौरा

# बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

- सिक्योरिटी, भोजन, कंप्यूटर शिक्षा काउंसलिंग आदि व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल





**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार कमेटी चौक स्थित बाल उपवन आश्रम बाल संरक्षण केंद्र का दौरा करते हुए तथा डीसी प्रशांत पंवार कमेटी चौक स्थित बाल उपवन आश्रम बाल संरक्षण केंद्र के बच्चों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

डीसी प्रशांत पंवार कमेटी चौक स्थित बाल उपवन आश्रम बाल संरक्षण केंद्र व बाल उपवन आश्रम विशेष दत्तक एजेंसी केंद्र का दौरा किया। उन्होंने मौके पर मौजूद बच्चों से बातचीत करके आश्रम में दी जारी सुविधाओं के बारे में फीडबैक ली। इसके अलावा उन्होंने आश्रम की सिक्योरिटी, भोजन, कम्प्यूटर शिक्षा, काउंसलिंग आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि बच्चों की समय-समय पर काउंसलिंग की जाए और बच्चों को दी जानी वाले भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। नियमित रूप से दिए जाने वाले भोजन के अलावा पौष्टिक आहार से भरपूर खाना भी दिया जाए। स्वास्थ्य सेवाओं के दृष्टिगत समय-समय पर बच्चों का रूटीन चैकअप किया जाए। यह बच्चे भविष्य में अपने पैरों पर खड़े हों, इस दिशा में इनकी शिक्षा पर विशेष फोक्स किया जाए और साथ ही इनके अंदर स्किल को भी बढ़ावा दिया जाए। सामान्य ज्ञान को बढ़ाने के लिए आश्रम में न्यूजपेपर, मैगजीन व अन्य सामग्री की व्यवस्था की जाए, ताकि बच्चे इन सबका अध्ययन करके अपने ज्ञान में वृद्धि कर सके।

सनातन धर्म संस्था के प्रधान रवि भूषण गर्ग ने डीसी को जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा बाल उपवन, दत्तक ग्रहण एजैंसी, बाल संरक्षण केंद्र के साथ-साथ इस परिसर में वृद्ध आश्रम भी चलाया जा रहा है। समय-समय पर बच्चों के साथ त्यौहारों को मनाया जाता है, ताकि इन्हें किसी भी प्रकार की कमी महसूस नहीं हो। वर्तमान में बाल उपवन दत्तक ग्रहण केंद्र में 6 बच्चें हैं, जिनकी पूरी देखभाल की जा रही है।

बाल संरक्षण केंद्र में 4 बच्चे हैं। मुख्य द्वार पर पालना लगाया गया है, जिस पर लिखा है कि आप नवजात को फैंके नहीं, हमें सौंप दें। इस मौके पर सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन राणा बंसल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रदीप कुमार, सीएमओ डॉ. रेणू चावला, डीसीडब्ल्यूओ बलबीर चौहान, रैडक्रॉस सचिव रामजी लाल, डॉ. बीरबल, कोमल, एडवोकेट अरविंद खुरानिया, वीना सेठी, शारदा, नरेश कुमार, ललित सिंगला, अनूज कुमार, प्रिंस, सुरेश, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

#### सुझाव व शिकायत पेटिका का निरीक्षण किया

डीसी प्रशांत पंवार ने बाल उपवन का दौरा करते हुए सुझाव व शिकायत पेटिका का निरीक्षण किया। इतना ही नहीं, उन्होंने अकेले बंद कमरे में बाल उपवन में रह रहे बच्चों से दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने दोस्तानां लिहाज में बच्चों से पूछा कि खाने में क्या-क्या मिलता है। अगर यहां खाना बनाने वाले सही नहीं बनाते तो उन्हें बदल दें, तो इस पर बच्चों ने हंसते हुए कहा कि नहीं, हमारी आंटी अच्छा खाना बनाती है। बच्चों ने कहा कि यहां पर किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। संस्था द्वारा शिक्षा के साथ-साथ उन्हें समय-समय पर घुमाया भी जाता है।

---



**कैथल।** पूंडरी शहर में दुकानदारों से बातचीत करते युवा नेता विकास ।

## सीवरेज मशीन से करवाई मार्केट की साफ-सफाई

- नपा अधिकारियों पर भी बरसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

हलके के युवा नेता विकास तंवर ने शहर की मार्किट में दुकानदारों की मांग पर नालों की सफाई के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। इस कार्य के माध्यम से उन्होंने न केवल आसपास के वातावरण को साफ रखने का संदेश दिया, बल्कि स्थानीय विधायक और नपा अधिकारियों को भी ये आईना दिखाने का काम किया कि यदि सिस्टम की काम करने की नीयत ठीक हो तो सभी कार्य संभव हो सकते हैं। पत्रकारों से बातचीत में विकास ने कहा कि कुछ दिन पूर्व यहां के दुकानदार उनसे कार्यालय में मिले थे और कई वर्षों से सफाई न होने की परेशानी बताई थी। दुकानदारों ने बताया कि वे विधायक और नपा पूंडरी के सभी अधिकारी व कर्मचारियों से अनेक बार मिले,

#### मुख्य उद्देश्य जल जाम की समस्या को दूर करना : विकास

उन्होंने कहा कि नालों की सफाई का मुख्य उद्देश्य जलजाम की समस्या को दूर करना, बाढ़ की संभावना को कम करना और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखना है। इस कार्य के तहत स्थानीय दुकानदारों के साथ मिलकर नालों की सफाई करने की योजना बनाई गई थी। युवा नेता विकास तंवर ने इस पहल को 'स्वच्छता अभियान' का नाम दिया।

परंतु हैरानी की बात है कि अधिकारियों को आज तक यही नहीं पता कि कौन सा एरिया उनके अधीन है और कौन सा नहीं। विकास तंवर ने कहा कि मैनपावर की बजाए नालों की प्रॉपर सफाई मशीन से ही हो सकती थी परतुं अधिकारी बार-बार टरकाते रहे कि मशीन से नहीं करवा सकते तो उन्होंने अपने खर्चे पर मशीन लाकर आज सफाई करवाई है।

---

## नप चेयरपर्सन सुरभि ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



**कैथल।** नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग व अन्य पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

आरोही वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग कैथल में पौधारोपण कार्यक्रम /" एक पेड़ मां के नाम /" आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ मनीष सिंगला द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर पालिका चेयरमैन सुरभि गर्ग, जिला एन एस एस संयोजक विजेंद्र सिंह ने शिरकत की एवं त्रिवेणी, बिल्वपत्र के पौधे रोपित किए। एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन का अस्तित्व नहीं है। पौधे हमारे जीवन का आधार है। विजेंद्र सिंह ने एन एस एस के महत्व एवं कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। सुरभि गर्ग ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग में पौधारोपण की बहुत आवश्यकता है। उतर भारत में कम पेड़ होने के कारण औसत आयु 63 साल रह गई है। जबकि पेड़ पौधे वाले क्षेत्रों में औसत आयु 100 साल है। उन्होंने बच्चों को संदेश दिया कि अपने जन्मदिन पर एक पेड़ जरूर लगाएं व उसकी देखभाल करें। तभी पौधारोपण जैसे कार्यक्रम सफल होंगे। कार्यक्रम के समापन पर सभी को प्रशंसा-पत्र दिए गए। इस अवसर पर हीरा सिंह, कुलदीप मौजूद रहे।

## दसवीं में जिले में द्वितीय रही छात्रा कीर्ति का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद



**राजौंद।** छात्रा कृति को सम्मानित करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य व व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

गोल्ड लाइफ स्कूल की छात्रा कृति को दसवीं कक्षा में जिलेभर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। पिछले महीने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम जारी किया था। उस समय गोल्ड लाइफ स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा कृति ने 500 अंकों में से 494 अंकों के साथ कैथल जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। उनके इस प्रदर्शन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उपहार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया था। गोल्ड लाइफ स्कूल में भी प्रिंसिपल सर ने सम्मानित किया गया था और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते आशीर्वाद भी दिया था। लेकिन कृति को लग रहा था की उसके संस्कृत विषय में उसके कम अंक दिए गए हैं। इस संस्कृत विषय को लेकर उन्होंने री-चैकिंग का फॉर्म भर दिया। गत दिनों री-चैकिंग का परीक्षा परिणाम आने से उसके संस्कृत विषय में 2 अंक बढ़ गए 2 अंक बढ़ने से कृति के परिवार व विद्यालय मे खुशी का माहौल है। अब उसके अंक 494 की बजाय 496 हो गए है। जोकि कुल अंकों का 99.2 प्रतिशत बनता है। 496 अंकों को प्राप्त करने से कृति अब जिले में दूसरे स्थान से जिले में प्रथम स्थान पर पहुंच गई है। मंगलवार को जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने व विद्यालय का सम्मान बढ़ाने के उपलक्ष्य पर कृति को मोमेंटो स्मार्ट वॉच व 2100 रुपये देकर सम्मानित किया। राजबीर ने बच्चों को कृति की पढ़ने की योजना व उसके द्वारा की गई मेहनत के बारे में बच्चो को बताते हुए कहा कि आप भी इसी तरह मेहनत करे व भविष्य में इस रिकॉर्ड को तोड़ने की कोशिश करें क्योंकि रिकॉर्ड होते ही तोड़ने के लिए। उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी एक अध्यापक है। जब कोई बच्चा अच्छे अंकों के साथ परीक्षा पास करता है तो सबसे ज्यादा खुशी अध्यापक को ही होती है।

## प्राथमिक सहायता-होम नर्सिंग का प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

- जिला रेडक्रॉस सोसाइटी कैथल में सीपीआई प्रशिक्षण



**कैथल।** सीपीआई का प्रशिक्षण देते डा. बीरबल दलाल। फोटो : हरिभूमि

सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी कैथल के सहयोग से डीसी प्रशांत पंवार कैथल के मार्गदर्शन में सीपीआर प्रशिक्षण और नशा मुक्ति को लेकर प्रदेश भर में एक अभियान शुरू किया गया है। इस कड़ी में जिला रेडक्रॉस सो सा इ टी कैथल में सी पी आ ई प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव राम जी लाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सीपीआई का प्रशिक्षण देकर लोगों की जान को बचाया जा सकता है, इसलिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ बीरबल दलाल ने इस शिविर में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आए हुए अभ्यर्थियों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया एवं प्राथमिक सहायता और होम नर्सिंग का प्रशिक्षण भी दिया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजी लाल ने बताया कि देश की 140 करोड़ की आबादी में कुछ प्रतिशत लोगों को ही सीपीआई के बारे में पता है ऐसे लोगों को इस तकनीक की जानकारी का प्रशिक्षण दिया जाए।

## कैथल जिला महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने 111 महिलाओं को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



**कैथल।** सांसद सुरजेवाला के साथ जिला महिला कांग्रेस कैथल की जिला कार्यकारिणी।

जिला महिला कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी का विस्तार सम्पन्न हुआ। किसान भवन पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने 111 महिलाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। सुरजेवाला ने कहा कि जींद जिले की पर्यवेक्षक बहन श्वेता ढुल, कुरुक्षेत्र जिले की पर्यवेक्षक बहन स्वीटी रंगा और कैथल महिला जिलाध्यक्ष बहन सुशीला शर्मा के सहयोग से कैथल जिले से कलायत ब्लॉक, राजौद ब्लॉक, पुंडरी ब्लॉक, कैथल शहरी ब्लॉक और गुहला ब्लॉक में जिला महिला कांग्रेस कार्यकारिणी घोषित की गई। अवसर पर सभी महिला शक्ति ने कांग्रेस पार्टी का जोर शोर से प्रचार व प्रसार करने का निर्णय लिया। सुरजेवाला ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने हमेशा नारी शक्ति, महिलाओं व बेटियों के अधिकारों व हकों की लड़ाई को लड़ा। महिलाओं को राजनीतिक व सामाजिक तौर पर अत्यंत सुदृढ़ व मजबूती के अधिकारों का कानून कांग्रेस पार्टी लेकर आई। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में महिला शक्ति का अहम्‌ योगदान रहा है चाहे वह आजादी का जंग का मैदान हो, चाहे वो माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने की बात हो, चाहे वो खेल स्तर की बात हो और चाहे राजनीति की बात हो भारत देश की महिलाओं ने अपनी अहम्‌ भागेदारी पेश की है। जिस तरह से पूर्व प्रधानमंत्री स्व, इंदिरा गांधी जिन्हें अटल बिहारी वाजपेयी ने भी दुर्गा का प्रमाण दिया और जिन्होंने भारत देश की तरक्की व प्रगति में अपनी अहम्‌ भागेदारी पेश की है।

### जाखौली के राजकीय में विद्यार्थियों का सम्मान

**राजौंद।** गांव जाखौली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह डागर द्वारा स्काऊट के छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के चार छात्रों ने स्काऊट कैप तारा देवी शिमला हिमाचल प्रदेश मे 1 जून से 4 जून तक भाग लिया था। विद्यालय की ओर से स्काऊट मास्टर विरेंद्र दयोल व चार छात्र अमन कुमार, मयंक, भूपेश व रजत ने कैंप में स्काऊट का प्रशिक्षण लिया था और दूसरा स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद इन छात्रों ने एडवेंचर कैंप मेनाली हिमाचल प्रदेश मे भाग लिया था।

## 21 को बुलाई नगरपालिका भंग करवाने को लेकर बैठक

- बैठक की अध्यक्षता पूर्व सरपंच अमरेन्द्र खारा ने की

**सीवन।** सीवन नगरपालिका को भंग करवाने को लेकर एक बैठक बलदेव सिंह बल्ली के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सरपंच अमरेन्द्र खारा ने की। बैठक की जानकारीह्य देते हुए अमृत लाल व सुरेन्द्र नागपाल ने बताया कि सीवन नगरपालिका को भंग करवाने को लेकर नगर अब लामबंद हो रहा है। सभी लोग एक जुट हो रहे हैं और इसका परिणाम भी सार्थक होगा। इसके लिए आगामी बैठक 19 जुलाई को बुलाई गई थी। परंतु समिति के सदस्यों से विचार विमर्श के बाद यह फैसला लिया गया कि इस बैठक को 21 जुलाई को बुलाया गया है। 19 जुलाई को शुक्रवार है और बहुत से नगर निवासी काम से बाहर जाते हैं। सदस्यों से विचार विमर्श के बाद यह तय किया कि रविवार के दिन बैठक का आयोजन किया जाएगा।



**पूंडरी।** स्कूल में पौधारोपण करते मंच के सदस्य व विद्यार्थि। फोटो : हरिभूमि

## पेड़-पौधों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना असंभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

- गांव डुलयाणी के राजकीय मिडल स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम

पर्यावरण एवं संस्कृति संरक्षण मंच पूंडरी की ओर गांव डुलयाणी के राजकीय मिडल स्कूल में पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान में स्कूल प्रांगण में 110 पौधे लगाए गए और स्कूली बच्चों को पौधे वितरित करते पौधरोपण के प्रति जागरूक भी किया। अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य रोशनलाल ने की व मुख्य रूप से मंच के प्रधान अनिल आर्य व मंच के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए आर्य ने कहा कि पेड़-पौधों के बिना इस धरती पर जीवन की कल्पना करना बेमानी है। आज जिस प्रकार धरती का तापमान तेजी से बढ़ रहा है और गर्मी से बचने के लिए हम एसी और कूलर का सहारा ले रहे है। यदि ऐसे ही धरती पर पेड़-पौधों की कमी होती रही तो एसी कूलर भी गर्मी में काम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि एक छायादार पेड़ के नीचे के तापमान और ऐसे स्थान पर जहां सूर्य की किरणें सीधे पड़ रही हो के तापमान में जमीन आसमान का अंतर होता है। इसलिए हमें अपनी धरती को गर्मी से बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों और स्कूल के स्टाफ सदस्यों से अपील की कि वे अपने घरों के बाहर या आंगन में ऐसे पौधे लगाए जो हमें फल भी दे।

### समाधान शिविर में एडीसी व एसपी ने सुनी आमजन की शिकायतें

# वार्ड नंबर 13 में जल्द की जाएगी सीवरेज की सफाई

- समाधान शिविर में आई 35 शिकायतें, 12 का मौके पर किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



**कैथल।** एडीसी सी जया श्रद्धा लोगों की शिकायत सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

एडीसी सी.जया. श्रद्धा ने कहा कि शहर के वार्ड नंबर 13 में सीवरेज की सफाई का कार्य जल्द किया जाए, ताकि गंदा पानी गलियों में न भरे। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इस समस्या को गंभीरता से लें, ताकि वहां के वाशिंदो को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। अन्य विभागों के अधिकारी भी अपने क्षेत्र में आने वाले सीवरेज आदि की सफाई समयबद्ध करवाना सुनिश्चित करे। एडीसी सी.जया. श्रद्धा मंगलवार को समाधान शिविर के दौरान वार्ड नंबर 13 में सीवरेज की सफाई करवाने बारे आई एक शिकायत की सुनवाई के बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे रही थी। मंगलवार को समाधान शिविर में 35 शिकायतें आई, जिनमें से 12 का मौके पर ही समाधान किया गया। समाधान

#### जल्द पेंशन बनाने का आश्वान

शिविर के दौरान एसपी उपासना ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना। शिविर में नागरिक अनेक विभागों से संबंधित शिकायतें लेकर पहुंचे। मायापुरी कैथल निवासी बबीता परिवार पहचान पत्र में अपना पता बदलवाने के लिए आई। जहां अधिकारियो ने उनकी समस्या का मौके पर ही समाधान किया गया। इसी प्रकार गांव बदराना निवासी राम जुवारी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त न आने बारे शिकायत लेकर आया, जहां कृषि विभाग के कर्मचारियों ने उनकी केवासी अपडेट की और बताया कि जल्द ही उसकी किस्त आ जाएगी। वहीं कैथल निवासी चांदराम व गांव सेरधा निवासी शमशेर अविवाहित की पेंशन बनवाने आया। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही दोनों की पेंशन बन जाएगी। इसी प्रकार क्योढक वासी सतपाल परिवार पहचान पत्र में अपनी आय कम करवाने के लिए समाधान शिविर में आया, जहां संबंधित अधिकारियों ने उससे शपथ लेकर रिक्वेस्ट मुख्यालय डाल दी।

शिविर के दौरान डीआरओ चंद्रमोहन, कार्यकारी अभियंता रवि ऑबराय, डीएसपी उमेद सिंह, एडवोकेट शक्ति सौदा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



कैथल। लोगों को भाजपा की नीतियों के बारे में जागरूक करते राजपाल तंवर

### भाजपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं

**सीवन।** भाजपा नेता राजपाल तंवर ने क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने अपने इस जनसम्पर्क अभियान के तहत खंड सीवन के गांव फर्शमाजरा, खेड़ी गुलाम अली, मांझला, धर्मपुरा, नागल आदि गांवों में जाकर लोगों से मुलाकात की और उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया। बाद में सीवन में पत्रकारों से बात करते हुए राजपाल ने कहा कि कोई भी पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के बल पर ही चलती है और विकास करती है।



जींद। छात्रों को जानकारी देते हुए स्वास्थ्य कर्मी। फोटो: हरिभूमि

### बीमारियों से बचाव के लिए किया जागरूक

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत जाजवान गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में स्वास्थ्यकर्मी सुशील शर्मा द्वारा स्कूल के बच्चों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव बारे जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी और मलेरिया, डेंगू, जापानी बुखार से बचाव बारे जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता है जोकि पानी में अपना जीवनचक्र पूरा करता है।

### नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर हवन

**जींद।** छोटू राम किसान महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ हवन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू ने बताया कि बीए, बीकॉम प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के प्रवेश सुचारू रुप से चल रहे हैं। इसमें महत्वपूर्ण बात यह है कि महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष में 39 सब्जेक्ट कांबिनेशन का इस प्रकार से चुनाव किया गया है।

### सरकार महिलाओं को देगी प्रशिक्षण व बनवाएगी डीएल


**जींद।** प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेक सराहनीय कदम उठा रही है। सरकार ने महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत महिलाओं को तीन लाख रुपये तक का लोन दिलवाने की व्यवस्था की गई। यह जानकारी डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने दी। डीसी ने बताया कि इस योजना के तहत महिलाओं को फ्री प्रशिक्षण देते हुए उनके ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। प्रशिक्षण उपरांत बैंक के द्वारा आसान किश्तों में ब्याज पर छूट के साथ ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस राशि से वह यातायात वाहन जैसे ऑटो रिक्शा या फिर ई-रिक्शा खरीद सकती है।

---

**सरकारी कामकाज प्रभावित, नहीं हो पाई रजिस्टरी, दस करोड़ राजस्व का नुकसान**

डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने भी किया आंदोलन का ऐलान

# कंप्यूटर ऑपरेटर दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे







जींद। हडताल को लेकर आरटीए कार्यालय के बाहर चस्पा किया गया नोटिस तथा खाली पड़ा तहसील परिसर और सरल केंद्र में पूछताछ करते हुए लोग। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के आह्वान पर कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। हालांकि सरल केंद्र में कुछ कंप्यूटर आप्रेटर दिखाई दिए जो आमजन को जानकारी मुहैया करवा रहे थे।

वहीं तहसील कार्यालय में तहसील से संबंधित एक भी कार्य नहीं हुआ। दूसरे दिन भी तहसील में कोई रजिस्ट्री नहीं हुई, जिससे सरकार को राजस्व के रूप में करीब दस करोड़ का नुकसान हुआ है। वहीं फर्द, इंतकाल, जमाबंदी समेत अन्य काम भी नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी हुई। वे सुबह कार्यालय में पूछताछ करते रहे और दोपहर तक तहसील कार्यालय की खिड़की नहीं खुली तो इंतजार करने के बाद वापस घरों की ओर लौट गए।

वहीं करनाल में बैठे कंप्यूटर ऑपरेटरों ने हड़ताल दो दिन ओर बढ़ा दी है। उन्होंने 18 जुलाई को सीएम आवास करनाल का घेराव करने का भी फैसला लिया है। यदि सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल अनिश्चितकालीन हो जाएगी। ई-दिशा केंद्र के तीन-चार काउंटर पर ही कर्मचारी बैठे हुए थे जबकि बाकी काउंटर खाली थे। ऐसे में एक-दो कार्य को छोड़ अन्य कार्य ठप पड़े थे। कंप्यूटर ऑपरेटरों का कहना है कि सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारी पिछले लंबे समय से कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने जॉब सिक्योरिटी देने और स्पेशल रेगुलराइजेशन पॉलिसी लाई जाए लेकिन सरकार उनकी मांगों की तरफ ध्यान नहीं दे रही।

### 21 को पंचकूला के सेक्टर 5 में बैठक की जाएगी

डाटा एंट्री ऑपरेटर और जूनियर प्रोग्रामरों ने भी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन की मांगों तथा संगठन को वार्ता के लिए समय नहीं देने के विरोध में 21 जुलाई को पंचकूला के सेक्टर 5 में बैठक की जाएगी और उसके बाद चंडीगढ़ में सीएम आवास का घेराव करने का फैसला लिया है। इससे पहले 18 जुलाई को पूरे प्रदेश में डाट एंट्री ऑपरेटर और जूनियर प्रोग्रामर सामूहिक अवकाश पर जाएंगे और उसी दिन विधायकों को ज्ञापन भी सौंपे जाएंगे। मंगलवार को पूरे प्रदेश में डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने काले बिल्ले लगाकर कार्य किया। जिला महासचिव रिषि ने बताया कि जिन विभागों में हारट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर कर्मचारी कार्यरत हैं और पद स्वीकृत नहीं है। वहां तत्काल प्रभाव से उन कर्मचारियों के पदों के विरूद्ध पद स्वीकृत करवाए जाएं। एक्सग्रेशिया की पुरानी नीति को बहाल किया जाए।

### 18 जुलाई को सीएम आवास का करेंगे घेराव

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के संगठन संयोजक राजेश ने बताया कि कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ ने 18 जुलाई को सीएम आवास करनाल का घेराव करने का फैसला लिया है। सरकार के नकारात्मक रवैये के कारण कंप्यूटर ऑपरेटरों ने हड़ताल को दो दिन ओर बढ़ा दिया है। हड़ताल के कारण लोग परेशान हो रहे हैं लेकिन सरकार पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है। सरकार को प्रतिदिन करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो आंदोलन ओर तेज कर दिया जाएगा।

### तहसील में नहीं हुआ काम : बलराम जाखड़

नायब तहसीलदार बलराम जाखड़ ने बताया कि दूसरे दिन भी कंप्यूटर प्रोफेशनल की हड़ताल के चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ी है। लोग बिना कार्य करवाए ही वापस लौट रहे हैं। कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल के चलते मंगलवार को तहसील कार्यालय में कुछ भी कार्य नहीं हुआ। रजिस्ट्री के अलावा इंतकाल, फर्दए जमाबंदी जैसे कार्य भी नहीं हो पाए।



कैथल। धरना देकर नारेबाजी करते कंप्यूटर प्रोफेशनल। फोटो: हरिभूमि

## कैथलः कंप्यूटर प्रोफेशनल की हड़ताल से नहीं हुए काम

- समान वेतन लागू करने की मांग पर शुरू की थी हड़ताल
- जिलेभर में 70 कंप्यूटर प्रोफेशनल हड़ताल में हैं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

समान काम समान वेतन लागू करने सहित अन्य मांगों के समर्थन में शुरू की गई कंप्यूटर प्रोफेशनल की हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के कारण लघु सचिवालय और तहसील में अपने काम करवाने के लिए पहुंचे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस हड़ताल के कारण जहां जिला स्तर पर सचिवालय में बने ई-दिशा केंद्र में वाहन पंजीकरण नहीं हुआ और लाइसेंस भी नहीं बन पाए। वहीं, कैथल सहित खंडों में तहसील स्तर पर रजिस्ट्री के कार्य काफी प्रभावित रहे। हड़ताल के कारण मंगलवार को पूरे जिले में करीब 300 रजिस्ट्री लटक गई। अब यह रजिस्ट्री कंप्यूटर प्रोफेशनल की हड़ताल खुलने के बाद ही हो पाएगी। वहीं, वाहन पंजीकरण न होने के कारण लोग दर-दर भटकते दिखाई दिए। हड़ताल के चलते किसी भी प्रकार की कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण लोगों को बिना काम करवाए ही वापस लौटना पड़ा। लोगों ने रोष जताते हुए कहा कि जिला प्रशासन को कम से कम लोगों के काम करवाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तो करवानी चाहिए।

### कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ की मांगें

कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के सदस्य सुभाष ने बताया कि हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्स संघ से जुड़े ये कंप्यूटर ऑपरेटर डिस्ट्रिक्ट आईटी सोसाइटी का केंद्रीय करण करके बजट का प्रावधान करने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही उनकी हरियाणा कौशल रोजगार निगम में भेजे गए सभी कर्मचारियों को वापस डीआईटीएस में शामिल करने की मांग भी है।

---

## ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों व अन्य मुद्दों को लेकर किसान सभा ने दिया धरना

- सरकार किसानों के साथ खेल रही है पोर्टल-पोर्टल : फूलसिंह श्योकंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए अखिल भारतीय किसान सभा सदस्य। फोटो: हरिभूमि

अखिल भारतीय किसान सभा ने ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों व अन्य मुद्दों को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय के बाहर धरना दिया। धरने की अध्यक्षता विक्रम मांडी ने कीए जबकि मंच संचालन सतबीर खरल ने किया। धरने को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष फूल सिंह श्योकंद ने कहा कि इसी वर्ष ओलावृष्टि से बर्बाद रबी की फसल में भयंकर नुकसान हुआ था। जिससे किसानों को बहुत बड़ा नुकसान झेलना पड़ा था लेकिन सरकार किसानों के साथ पोर्टल.पोर्टल खेल रही है। सरकार ने वर्तमान में बहुत कम मुआवजा जारी किया है और उसमें भी भयंकर बंदरबांट है और गैर बीमित किसानों का पूरा हिस्सा छूट गया है। केवल इतना ही नहीं 2021, 2022, 2023 साल के मुआवजे लंबित पड़े हैं। इसी के साथ पिछले चार-पांच सालों से ट्यूबवेल कनेक्शन भी जमा राशि जमा करवाने के बावजूद भी लंबित पड़े हैं। सरकार अपने तमाम किसान हितैषी कानूनों को बदलने पर तुली हुई है। इसलिए किसानों को संगठित होकर आंदोलन करने की जरूरत है।

## बीसी बी को भी अब पंचायत व नगर निकाय चुनाव में आरक्षण से होगा लाभ : कर्मवीर सैनी

- राजनीतिक रुप से मजबूत हो सकेगा पिछड़ा वर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। कार्यकर्ताओं के साथ अमित शाह की रैली के लिए भाग जाते हुए कर्मबीर सैनी। फोटो: हरिभूमि

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं कान्फेड चेयरमैन कर्मवीर सैनी हजारों लोगों के साथ महेंद्रगढ़ में हुई गृहमंत्री अमित शाह की रैली में शामिल हुए। रैली के बाद कर्मवीर सैनी ने कहा कि बीसी बी को पंचायत व नगर निकाय चुनाव में पांच प्रतिशत आरक्षण मिलना बड़े गौरव की बात है। इस वर्ग के लोग भी अब राजनीति में अपना भाग्य आजमा सकेंगे। सैनी ने कहा कि सुबह वह अपने हजारों साथियों के काफिले के साथ खेड़ी गांव से बसों व गाडियों में रवाना हुए। रैली में पूरे प्रदेश से लाखों लोग शामिल हुए थे। गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंच से जो घोषणाएं कीए वह लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए काफी मददगार साबित होगी। हरियाणा सरकार ने बीसी बी को पंचायत व नगर निकाय चुनाव में पांच प्रतिशत आरक्षण दिया है। इसका नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। इसके अलावा बीसी.ए को पहले ही आठ प्रतिशत आरक्षण दिया जा चुका है। क्रीमिलेयर की आय छह लाख रुपये से बढ़ा कर आठ लाख रुपये की गई है। इसमें कृषि व नौकरी से आने वाली आय नहीं जोड़ी जाएगी। इससे प्रदेश के लाखों लोगों को लाभ होगा। खासकर पिछड़ा वर्ग को इससे काफी लाभ होगा। पिछड़ा वर्ग को नौकरियों में आरक्षण 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करना ऐतिहासिक फैसला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जो ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, वह सभी नागरिकों के लिए एक वरदान साबित हो रहे हैं। उनके साथ मलार के सरपंच प्रमोद कुमार, रोझला के सरपंच जगतसिंह, टीटोखड़ी के सरपंच राजेंद्र कश्यप, पूर्व पार्षद विनोद सैनी, पूर्व सरपंच जयकिशन जामनी, जगदीश कश्यप, रणजीत सैनी पिल्लूखेड़ा, होशियार सैनी पूर्व प्रधान सैनी सभा, राधा शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नहरी पानी की चोरी रोकने के लिए विभाग हुआ सख्त



उचाना। नहर पर पानी चोरी रोकने के लिए लगाए गए रबड़ के पाइप जिन्हें गश्त टीम ने कब्जे में लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

नहरी पानी चोरी रोकने को लेकर नहरी विभाग पूरी तरह से सख्त हो रहा है ताकि खेतों तक पर्याप्त मात्रा में नहरी पानी पहुंचे। बीते एक सप्ताह में डूमरखा से लेकर बरसोला तक बरसोला फीडर पर गश्त के दौरान 118 के करीब रबड के पाइप गश्त टीम ने जब्त किए। जेई विकास, जेई सुशील की अगुवाई में निरंतर टीम गशत कर रही है। बारिश नहीं होने से नहरी पानी की फसल को सख्त जरूरत होने से रबड़ के पाइप से पानी की चोरी की जाती है। ऐसे में टेल के अंत तक पानी नहीं पहुंचने से किसानों को फसल खराब होने का डर रहता है। जेई विकास, जेई सुशील ने कहा कि निरंतर नहरी पानी चोरी रोकने के लिए छापेमारी की जाती रहेगी। पानी की चोरी नहीं होने दी जाएगी ताकि अंतिम टेल तक पानी किसान के खेत में पहुंचे।

## कैथल की बेटी बतेरी ने ताइक्वांड़ो में जीता कांस्य

- हरियाणा की टीम ने बिहार को हरा किया वर्ल्ड चैंपियनशीप के लिए क्वालिफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। बतेरी को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

इंडिया ताइक्वांडो की ओर से ओडिशा में आयोजित जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कैथल की बेटी बतेरी ने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। 28 जून से 30 जून तक ताइक्वांडो जूनियर प्रतियोगिता उड़ीसा के कटक स्थित जवाहरलाल नेहरू इंदौर स्टेडियम में संपन्न हुई। हरियाणा की टीम ने बिहार को हराकार वर्ल्ड चैंपियिनशीप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। ताइक्वांडो में कांस्य पदक जीतने वाली बेटी बतेरी का कैथल आने पर सरपंच के नेतृत्व में परिवार के सदस्यों में फूल माला पहनाकर स्वागत किया। खिलाड़ी बतेरी ने बताया कि उड़ीसा के कटक में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, उड़ीसा, बैंगलोर, बिहार, मणिपूर और हरियाणा ने हिस्सा लिया। ताइक्वांडो टीम में हरियाणा की तरफ से अनिल, रिंकू, बलदेव, गौरव, शीतल और बतेरी ने भाग लिया। इंडिया ताइक्वांडो की ओर से ओडिशा में आयोजित जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम का मुकाबला बिहार की टीम से हुआ। इसमें हरियाणा की टीम ने बिहार को हराकर कांस्य पदक पर कब्जा किया। इससे पहले स्टेट लेवल की ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन सिरसा में हुआ था। सिरसा में स्टेट लेवल पर गोल्ड जीतकर नेशनल के लिए क्वालिफाई किया था।



कैथल। किसान गोष्ठी में मंच पर बैठे पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## धान की फसल में अंधाधुंध खाद व दवाइयों का प्रयोग न करें किसान

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

चौ. चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली का 96वां स्थापना दिवस केंद्र के प्रांगण में मनाया गया। इस प्रोग्राम के तहत कृभको व प्रगतिशील किसान क्लब के सहयोग से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. रमेश वर्मा ने किसान गोष्ठी में उपस्थित किसानों को धान की वैज्ञानिक खेती के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि धान की फसल में किसान भाई अंधाधुंध खाद व दवाइयों का प्रयोग ना करे। सिफारिशशुदा मात्रा से ज्यादा यूरिया डालने से किसानों को आर्थिक नुक्सान के साथ-साथ हम कीड़े व बिमारियों को भी निमंत्रण देते हैं जो हमारी पैदावार को कम कर देते हैं। इस मौके पर सस्य वैज्ञानिक डॉ अमित कुमार, जिला प्रबंधक कृभको डॉ. हीरा लाल, डॉ. जसबीर सिंह, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. प्रशांत कौशिक, डॉ. नेहा शर्मा तथा डॉ. संजय कुमार ने भी किसानों को संबोधित किया। प्रगतिशील किसान क्लब के प्रधान सतबीर गिल ने किसानों को सामयिक जानकारी देने के लिये केंद्र के वैज्ञानिकों व कृभको प्रतिनिधि का धन्यवाद किया।

---

**चार महीनों तक मांगलिक कार्य हो जाते हैं बंद**

## आज मनाई जाएगी देवशयनी एकादशी, दान पुण्य जरूर करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

- 18 जुलाई को एकादशी व्रत का पारण किया जाएगा



पं. सत्यनारायण शांडिल्य।

देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु, चार महीनों के लिए निद्रा अवस्था में चले जाते हैं। इन चार महीनों की अवधि को चातुर्मास के नाम से भी जाना जाता है। चातुर्मास की शुरुआत भी देवशयनी एकादशी के दिन से ही होती है। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवशयनी एकादशी मनाई जाती है। इस बार देवशयनी एकादशी 17 जुलाई को मनाई जाएगी। मान्यता है कि देवशयनी एकादशी से चार महीनों के लिए सभी मांगलिक कार्य बंद हो जाते हैं।

शहर के प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर पुजारी पं. सत्यनारायण शांडिल्य ने कहा कि बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 16 जुलाई की रात्रि 8 बजजकर 33 मिनट से शुरू हो रही है, इसका समापन 17 जुलाई रात्रि 9 बजकर 2 मिनट पर होगा। एकादशी व्रत का पारण उदया तिथि के अनुसार किया जाता है। ऐसे में देवशयनी एकादशी व्रत 17 जुलाई को रखा जाएगा।

18 जुलाई को एकादशी व्रत का पारण किया जाएगा। वैदिक पंचांग अनुसार इस बार देवशयनी एकादशी पर शुभ और शुक्ल योगों का निर्माण हो रहा है। साथ ही इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग भी बन रहे हैं। शुभ योग सुबह 7 बजकर 5 मिनट तक रहेगा और इसके बाद शुक्ल योग शुरू हो जाएगा। सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग सुबह 5 बजकर 32 मिनट से शुरू हो रहे हैं जो कि पूर्ण रात्रि तक रहेंगे। उन्होंने बताया कि धर्म ग्रंथों मे देवशयनी एकादशी के महत्व को विस्तार से बताया गया है। शास्त्रों के अनुसार, इसी दिन से भगवान विष्णु चार माह के लिए विश्राम के लिए चले जाते हैं और इन चार महीनों में सभी प्रकार के मांगलिक कार्य, विवाह, मुंडन, उपनयन संस्कार, गृह प्रवेश इत्यादि नहीं किए जाते हैं।

मान्यता है कि देवशयनी एकादशी व्रत के दिन, भगवान विष्णु की उपासना करने से सुख, समृद्धि और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है और व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। मान्यता यह भी है कि देवशयनी एकादशी व्रत का पालन करने तथा दान-पुण्य करने से मृत्यु के उपरांत मोक्ष की प्राप्ति भी होती है। शांडिल्य ने बताया कि ब्रह्मवैवर्त पुराण में देवशयनी एकादशी के विशेष माहात्म्य का वर्णन किया गया है। हिंदू धर्म में 24 एकादशी मनाई जाती हैं लेकिन देवशयनी एकादशी का एक विशेष स्थान भक्तों के हृदय में है। इस दिन वे भगवान विष्णु का पूर्ण निष्ठा से पूजन करते हैं और उनके शयन से उठने की अगले चार महीनों तक प्रतीक्षा करते हैं और फिर देवउठनी एकादशी को बड़े ही उत्साह के साथ मनाते हैं। इस व्रत से भक्त की समस्त मनोकामनाए पूर्ण होती हैं और साथ ही सारे पाप भी नष्ट हो जाते हैं। माना जाता है कि यदि चातुर्मास का पालन विधिपूर्वक करे तो उसे महाफल की प्राप्ति भी होती है।

### जिले में 2348 परिवारों को मिल रहा है लाडली सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ

- समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित की जा रही है योजना

**जींद।** बेटियों के पालन-पोषण के लिए हरियाणा सरकार की ओर से लाडली सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत माता.पिता को प्रति माह तीन हजार रुपये की राशि दी जाती है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि समाज कल्याण विभाग की ओर से लाडली सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना चलाई जा रही है। जिस परिवार में दंपति के पास केवल बेटियां हैं, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए परिवार की वार्षिक आय दो लाख रुपये या इससे कम होनी चाहिए। आयु जब 45 वर्ष हो जाए तो वह लाडली सामाजिक सुरक्षा योजना के लिए आवेदन कर सकता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005